आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की ओर से नवाचार, डिजाइन और उद्यमिता बूटकैंप के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा।
2. कला एवं संस्कृति विभाग कल हेरिटेज वॉक– कालापानी ट्रेल का आयोजन करेगी।
3. दक्षिण अंडमान जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से छात्रों के लिए कल से प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत ।
4. पर्यटन विभाग की ओर से सत्रह अप्रैल से तीन दिवसीय 'द्वीप खाद्य महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की ओर से नवाचार, डिजाइन और उद्यमिता बूटकैंप के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। 'डिजाइन विकास के लिए सबसे बड़ा परिवर्तनकारी कारक हो सकता है' विषय के साथ यह पांच–दिवसीय बूटकैंप देश भर के 30 स्थानों पर तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। इस प्रमुख पहल का उद्देश्य देश भर के छात्रों के बीच नवाचार, डिजाइन सोच और उद्यमशीलता क्षमताओं को विकसित करना है। द्वीप समूह में डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान को मेजबान संस्थान के रूप में चुना गया है, जहाँ यह कार्यक्रम 6 से 10 अप्रैल तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में लगभग छः हजार पांच सौ छात्र भाग लेंगे, जिनमें स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के विजेता, आई आई सी संस्थानों के छात्र और नवाचारी विचारों वाले युवा शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन 6 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित ए आई सी टी ई मुख्यालय से एक वर्चुअल समारोह के माध्यम से अध्यक्ष प्रो. योगेश सिंह करेंगे। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य छात्र नवाचारियों को आज के प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल के लिए आवश्यक कौशल और अनुकूल सोच से लैस करना है। पिछले दो संस्करणों में अब तक छियालीस स्थानों पर दस हजार से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिनमें से कई ने अपने स्टार्टअप सफलतापूर्वक लॉन्च किए हैं।

<><><><><><><>

समग्र क्षेत्रीय केंद्र की ओर से कल 'विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस 2026' मनाया गया। "ऑटिज्म और मानवता – हर जीवन का मूल्य है" विषय पर रोटरी क्लब के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में क्लब के असिस्टेंट गवर्नर राजेश आनंद ने कहा कि हर बच्चा अद्वितीय है और समाज से सहानुभूति, समझ तथा समान अवसर प्रदान करने का आह्वान किया। सी आर सी की निदेशक सुमिथामोल एस. ने शुरुआती हस्तक्षेप और समावेशी प्रथाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने द्वीपों में सहायता प्रणालियों को मजबूत करने के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर केन्द्र के विशेष बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। प्रतिभागियों को उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग इंटेक के अंडमान निकोबार द्वीप समूह चैप्टर के सहयोग से कल हेरिटेज वॉक– कालापानी ट्रेल का आयोजन करने जा रही है। यह यात्रा सुबह साढ़े पांच बजे से आरंभ होगी। इस पहल का उद्देश्य द्वीपों की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना है। यात्रा के दौरान द्वीपों के इतिहास से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा कराया जाएगा। यह हेरिटेज वॉक सभी के लिए खुली है। इच्छुक व्यक्ति और समूह विभाग के पुस्तकालय अध्यक्ष से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह एकीकृत विकास निगम ने पेशेवर क्षमता को मजबूत करने और द्वीपों के सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए अनिडको आइलैंड डेवलपमेंट फेलोशिप प्रोग्राम और इंटरर्नशिप प्रोग्राम शुरू किया है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवा पेशेवरों और विषय विशेषज्ञों को जोड़ना है। फेलोशिप कार्यक्रम के तहत चार योग्य पेशेवरों को नौ महीने की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा। इंटर्नशिप कार्यक्रम में संबंधित विषयों के दस छात्रों और हाल ही में स्नातक की डिग्री प्राप्त कर चुके युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। ये नियुक्तियाँ गैर–रोजगार और परिणाम–उन्मुख होंगी। विस्तृत सूचना, आवेदन प्रारूप और गूगल फॉर्म लिंक प्रशासन और अनिडको के वेबसाइट के 'वैकेंसी' लिंक से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग के नेतृत्व में एक अभिनव पहल के तहत, दक्षिण अंडमान जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से छात्रों के लिए कल से जिले के उनतालीस सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम यूटी हेल्थ मिशन–एनएचएम के तत्वावधान

में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और शिक्षा निदेशालय के समन्वय से आयोजित किया जाएगा। इस पहल के अंतर्गत, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम और स्वास्थ्य विभाग छात्रों को स्वास्थ्य प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को आपातकालीन प्रतिक्रिया और बुनियादी स्वास्थ्य निगरानी पर जानकारी प्रदान करना है।

<><><><><><><>

आईसीडीएस शहरी परियोजना, दक्षिण अंडमान के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए मजार पहाड़–3 स्थित आँगनवाड़ी केंद्र को सरकारी प्राथमिक विद्यालय, मजार पहाड़ के साथ एक ही परिसर में स्थापित कर दिया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पूरक पोषण, पूर्व–स्कूली शिक्षा, विकास निगरानी और जागरूकता गतिविधियों के वितरण को बेहतर बनाना है। यह पहल बेहतर बुनियादी ढांचे के उपयोग, बच्चों के लिए सीखने के माहौल और बढ़ी हुई सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देती है। ICDS शहरी परियोजना के अधिकारियों ने जोर देते हुए कहा कि ये प्रयास 'सक्षम आँगनवाड़ी' और 'पोषण 2.0' के उद्देश्यों के अनुरूप हैं, जिनका मुख्य लक्ष्य पोषण परिणामों में सुधार और प्रारंभिक बचपन विकास सेवाओं को मजबूत करना है।

<><><><><><><>

विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर आयुष अस्पताल के सम्मेलन कक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक, डॉ. सिद्धराजू ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रतो साहा, स्वास्थ्य उप निदेशक डॉ. अभिजीत रॉय, उप निदेशक, आयुष डॉ. कल्याण पी. कड़भाने और चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. मानबिका दत्ता उपस्थित थे। डॉ. सुब्रतो साहा ने समाज में रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. सिद्धराजू ने भी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग ने आगामी 'द्वीप खाद्य महोत्सव' के लिए खाद्य विक्रेताओं, राज्य संघों, स्वयं सहायता समूहों, होटल मालिकों, रेस्तरां मालिकों, खान–पान संस्थानों और गृहणियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह महोत्सव सत्रह से उन्नीस अप्रैल तक प्रदेर्शनी मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम चार बजे से

रात नौ बजे तक चलेगा। इसके लिए स्टालों का आवंटन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन नौ अप्रैल शाम तीन बजे तक जमा किए जा सकते हैं। स्टॉल का आवंटन और आवंटन पत्र बारह अप्रैल को जारी किए जाएंगे। आवेदन पत्र और विस्तृत दिशा–निर्देश सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय के परिचालन इकाई से प्राप्त किए जा सकते है।

**<><><><><><><>**

मत्स्य निदेशालय, की ओर से मत्स्य संग्रहालय–सह–एक्वैरियम के नवीनीकरण और मरम्मत कार्यों के कारण अस्थायी रूप से बंद रहेगा। यह अवधि अब पांच अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। ये उपाय आवश्यक नवीनीकरण कार्यों को पूरा करने और क्षेत्र में पर्यटन के सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए किए गए हैं। विभाग ने कहा है कि मरम्मत कार्य पूरा होते ही मत्स्य संग्रहालय–सह–एक्वैरियम को सामान्य परिचालन के लिए पुनः खोल दिया जाएगा।

**<><><><><><><>**